The sum of Rs. 50,000 that is being suggested as compensation in respect of the victims is quite sufficient. But my suggestion is that those who are disabled must be paid Rs. 75,000 because not only will they have to live but there has to be someone else to support him throughout his life. That is why the compensation in the case of the disabled persons must be fixed at Rs. 75,000.

Then, Prof. Mavalankar suggested that the Railway Board should be abolished. I want to know whether the Railway Board, sitting in the Rail Bhavan, is arranging daily for the head-on collisions. I want to know why he made such a suggestion. (*Interruption*). I do not want to go into all those things. My only demand on the Minister is that he should see that accidents are completely eliminated.

It is seen from the reports that the number of accidents have come down from 1,700 to 800, but that is not a satisfactory affair. Even in one single accident many people can die and in such fatal accidents the railway has to pay more compensation to the dependants of the victims.

श्री शिवनाथ सिंह (झुंझुनू) : उपाध्यक्ष जी, इस रेलवे संशोधन विधयक में दो पहलू रख गये हैं और मुझे दोनों ही दुखदायी लगते हैं। जहां तक सरचार्ज का सवाल है पांच पैसे दस पैसे डेढ़ रुपये या कहां तक आप इस को लगायेंगे मुझे पता नहीं, फाइनेंशियल मेमोरेंडम में इतना ही लिखा है कि सरचार्ज हम लगाऐंगे, और इस अवसर पर मैं माननीय मंत्री जी से स्पष्ट जानना चाहूंगा कि ढ़ाई करोड़ का जो एक्सट्रा एक्सपेंडीचर का अनुमान उन्होंने लगाया है, इस सदन के सदस्यों को वह स्पष्ट रूप से एश्योर करें कि इस से अधिक और सरचार्ज वह नहीं लगाएंगे। ढाई करोड़ से अधिक सरचार्ज अगर लगाते हैं तो इस का मतलब है कि आप अपने रेलवे के ऐडमिनिस्ट्रेशन की इनएफिसियेंसी को मुआवजे के नाम से छिपाकर टैक्स लगा कर कवर करना चाहते हैं। आज रेलवे ही नहीं किसी भी सरकारी उद्योग के अंदर जो लेबर काम करता है, जो कर्मचारी काम करते हैं उन का संगठन, एक ऐसा संगठित दल हो गया है जो देश की समूची आमदनी खा जाना चाहते हैं और उसके बदले में काम नहीं करना चाहते हैं। ट्रेड यूनियन को मैं बुरा नहीं मानता। ट्रेड यूनियन अच्छी ऐक्टिविटी है, मेरे दायीं ओर बैठे साथी नाराज हो सकते हैं, लेकिन मैं ट्रेड यूनियन को बुरा नहीं समझता और मेरी मान्यता है कि किसी को भी इस देश में 1 हजार रुपये से कम तनख्वाह नहीं मिले। लेकिन उस के साथ साथ काम करने की क्षमता हमारी बढ़, ईमानदारी से हम काम करें लेकिन ट्रेड यूनियन में जो साथी लगे हुये हैं वह रुपया खाना चाहते हैं मगर काम नहीं करना चाहते। आज भी अगर ईमानदारी से काम करें, 8 घंटे का काम यदि रेलवे का कर्मचारी करे तो आज का जो स्टाफ है उस को एक चौथाई कर सकते हैं। आज कोई भी कर्मचारी दो घंटे से अधिक ईमानदारी से काम नहीं करता।

इसलिए मैं निवेदन करना चाहूंगा कि तमाम रेलवे की कमाई आप इन कर्मचारियों को मत दें, जो ऐक्सीडेंट में रुपया देने जा रहे हैं वह इस में से सेव कर के दें और आप सदन को एश्योर करें कि जितना भी रुपया इस में खर्च होगा उस से ज्यादा सरचार्ज आप नहीं लगाएंगे।

इस का दूसरा पक्ष लीजिये।। कोई भी इन्सान ऐसा नहीं होगा जिस के सामने आप यह रखें कि 20 हजार की जगह 50 हजार रुपया हम कम्पेन्सेशन देंगे। बशर्ते कि वह आदमी मरने को तैयार हो तो कोई भी आदमी उसके लिए तैयार नहीं होगा। इसलिए हम चाहते हैं कि इन ऐक्सीडेंटस को रोका जाय और उसको रोकने के बहुत से तरीके हैं। ईमानदारी से रेलवे कर्मचारी काम करें तो ऐक्सीडेंट नहीं हो सकते। जो ह्यूमन कंट्रोल के बाहर की चीज हो उसके लिए ऐक्सीडेंट हो सकते हैं नहीं तो और नहीं हो सकते हैं।

जो सुझाव इस समय सदन के माननीय सदस्यों ने दिये हैं, मैं उनको रिपीट नहीं करना चाहता हूं। एक्सीडेन्टस को कम करने के लिये

(श्री विश्वनाथ सिंह)

आप को प्रयत्न करना चाहिए। एफिशियन्सी को बढ़ाइये, इसके लिये मैं दो–तीन बातें कहना चाहता हू। इस वक्त रेलवे और रोड ट्रैफिक में जबरदस्त कम्पीटीशन चल रहा है, इस तरफ आप ध्यान नहीं दे रहे हैं। आज जितना भी ट्रैफिक है वह रोड से जाना ज्यादा पसन्द करता है, क्योंकि उसे आप की सर्विस पर विश्वास नहीं है। आप के यहां चोरी होती है, ट्रैन देर में पहुंचती है, पिलफरेज होती है, आप उस को चैक कीजिये। आप की रेलवे का स्टाफ खुद चोरी करता है और फिर अदालतों में लोग कम्पेन्शन लेते हैं—अगर इस को चैक कर सकें तो आप बहुत बड़ी रकम बचा सकते हैं। लोगों को एफिशियेन्ट सर्विस दें। राजस्थान से बहुत बड़ी संख्या में लोग देश के पूर्वीभाग में जाते हैं, कालका या दूसरी गाड़ियों को पकड़ना होता है, दो–ढ़ाई घन्टे का मार्जिन होने के बाद भी लोग आप की रेल से आना पसन्द नहीं करते, जोधपुर और बीकानेर से मेल की बजाय बसों से आना ज्यादा पसन्द करते हैं, क्योंकि बसें टाइम पर पहुंचा देती हैं, लेकिन आप की रेलें टाइम पर नहीं लाती। अगर रेल टाइम पर आये तो लोग रेल से आना ज्यादा पसन्द करेंगे और इस से आप की आमदनी भी बढ़ेगी।

एक निवेदन मैं यह करना चाहता हूं—जिस तरह से आज हम रेलवे स्टाफ की एफिशियेन्सी की मांग कर रहे हैं, उसी तरह से आप को इस सदन के माननीय सदस्यों के सुझावों को भी मानना चाहिए। आखिर हम भी यहां पर 8–10 लाख आदमियों के वोटों को लेकर यहां आते हैं, आप हमारे सुझावों पर महीने-दो महीने एक्सपेरिमेन्ट कर के देखिये। हम डिब्बे बढ़ाने, रेल चलाने की मांग करते हैं, आप उस पर एक्सपेरिमेंट कीजिये, अगर रेलवे की आमदनी बढ़ती है, लोगों को सुविधा मिलती है, तब उस को मानिये, वरना न मानिये। लेकिन दिक्कत यह है कि आप के आफिसर्ज सब एक लाइन पर चलते हैं, उनकी समझ में आ गया, चाहे उस से रेलवे को नुकसान हो, उस को मान लेंगे, लेकिन दूसरे लोगों के सुझावों को नहीं मानेंगे—यह अच्छी नीति नहीं है। इस सदन के माननीय सदस्य जो सुझाव देते हैं, उन को एक्सपेरिमेंट के रूप में मानिये।

मैं चाहता हूं इस अवसर पर आप इस सदन को एक विश्वास दिलाइये—ढ़ाई करोड़ रुपये से अधिक सरचार्ज नहीं लगायेंगे ताकि इन लोगों की इन–एफिशियन्सी को छिपाया न जा सके।

श्री मुहम्मद जमीलुरहमान (किशन गंज) मौहतरिम डिप्टी स्पीकर, साहब, आज कल के नारेबाजी और इन्कलाब जिन्दाबाद के दौर में इस कदर अनसर्टेन्टी बढ़ गई है कि इन्सान को अपनी जिन्दगी पर भरोसा नहीं रहा। जब भी कोई शख्स घर से निकलता है वह यह सोचने लगता है कि सही और सालिम अपने मकान पर वापस आजाय। और अगर कोई शख्स सफर पर निकलता है तो वह यह जरूर सोचता है कि वह ठीक वक्त से और बिलकुल सही वह सालिम अपने डैस्टीनेशन पर पहुंच जाय। मैं अपने दोस्तों से, जो मेरी दाहिनी तरफ बैठे हैं, खास तौर से इस्तदुआ करूंगा कि कम से कम ला-एण्ड-आर्डर को बरकरार रखने में अवामी हुकूमत का साथ दे

और इन्कलाब जिन्दाबाद के नारे की आड़ में, अवाम की जिन्दगी दूभर न करें । मैं खास तौर से ऐसी संस्थाओं, ऐसे हदारों से जो हमारे मजदूर भाइयों के सरबराह हैं, उन से इस्तदुआ कर रहा हूं । मैं देख राह हूं कि पिछले चन्द महीनों से हर शोबे में गड़बड़ पैदा की जा रही है और कराई जा रही है । कभी पानी बन्द, कभी बिजली बन्द, कभी रेल बन्द, गर्ज कि जितने किस्म के औछें हथियार हैं, वे सारे इस्तेमाल करते हैं और फिर अवाम की जिन्दगी दूभर कर देते हैं ।

मैं यह भी अर्ज करना चाहता हूं–भारत की अवाम अपनी जिम्मेदारी निभाना जानती है, निभा रही है और निभा चुकी है । उन के खोखले नारो से अब कोई खास असर भारत के अवाम पर होने वाला नहीं है । रेलवे के तरमीम बिल को बड़े गौर से देखा है और पढ़ा है । इस जम्हूरियत के दौर में इस बिल के अन्दर जो रकम बढाई जाने की मांग की गई है, उस से बड़ा धोखा अवाम को और क्या दिया जा सकता है । हवाई जहाज का मुसाफिर मरे तो एक लाख रुपया और रेल का मुसाफिर मरे तो 50 हजार रुपया दिया जायगा – यह कैसा इन्साफ है ? आखिर जिन्दगी तो सब की बराबर है और एक जैसी है और मौत भी सब की एकसी है । ऐसा तो नहीं है कि अमीर की जिन्दगी एक रंग की है और गरीब की जिन्दगी का रंग दूसरा है । इसलिये कम्पेन्सेशन के मामले में यह इम्तियाज क्यों? जम्हूरियत के जमाने में यह डिस्क्रीमिनेशन बेमुनासिब है ।

अभी पिछले सेशन में भी रेलवे की एक तरमीम पास हुई थी, अब ये दूसरी तरमीम को ले आये हैं –इस से बेहतर तो यह था कि आप रेलवे के सिलसिले में एक मुकम्मिल बिल पिछले रेलवे एक्ट को रद्द करने के लिये लेकर आते जो ऐसा बिल हो जो अवाम की जिन्दगी का नमूना हो । खास कर इस जम्हूरियत के दौर में, जम्हूरियत का ख्याल करते हुए, अवाम का ख्याल करते हुए, ऐसा बिल लाया जाए जो अवाम की जरूरत को पूरा कर सके ।

मैंने इस बिल के फाइनेन्शल मेमोरेण्डम के दूसरे पैरे को पढ़ा–मैं उस की पुरजोर मुखालफत करता हूं, क्योंकि सरचार्ज लगाना बिलकुल मुनासिब नहीं है । उस के बदले में मैं यह तजवीज करता हूं कि पैसेन्जर इंशोरेन्स स्कीम लागू की जाए । इस सिलसिले में मैं आप के सामने कुछ आंकड़े पेश करना चाहता हूं –

7–9–1962 को एक तजवीज जनाब महावीर त्यागी साहब ने पेश की थी और उस पर अन्जहानी बजीरेआजम पं० जवाहर लाल नेहरू ने राय दी और उस रेजोल्यूशन को फाइनेन्स मिनिस्ट्री के पास भेजा गया ताकि उस पर गौर किया जाय कि उस स्कीम को लागू किया जा सकता है या नहीं । पंडित जी चाहते थे कि पैसेन्जर इंशोरेंस स्कीम लागू की जाए ।

उस के बाद 25–8–1966 को जनाब पाटिल साहब ने, जो उस वक्त रेलवे के वजीर थे, लोक सभा में कहा था कि मुसाफिरों के लिये इंशोरेंस की स्कीम जैरेगौर है ।

(श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान)

3-9-1966 को उस वक्त संसद सदस्य डा० सिंघवी साहब ने लोक सभा में मुतालबा किया कि इंशोरेंस की स्कीम लागू की जाये।

22-7-1969 को डा० रामसुभाग सिंह, जो उस वक्त रेलों के वजीर थे, ने लोक सभा में यकीन दिलाया कि इंशोरेंस स्कीम लागू की जाएगी और उस पर रजामन्दी भी थी।

18-6-1970 को रेलवे बोर्ड ने यह तजवीज की और कहा कि यह मामला एल० आई० सी० के जरेगोर है। जब एल० आइ० सी० के जरेगोर यह मामला था तो फिर इस को लागू क्यों नहीं किया जा रहा है, इस कदर वक्त इसमें क्यों लगा, जब कि यह मामला पंडित जी के वक्त से चला आ रहा है।

मौजूदा डिप्टी मिनिस्टर (रेलवे) ने 14-11-72 को राज्य सभा में एलान किया कि इंशोरेंस की स्कीम को लागू करने की तजवीज है।

3-5-1973 को भी वजीर (रेलवे) ने रेलवे बोर्ड के जरिये यह जवाब दिया कि इस स्कीम पर गौर हो रहा है।

30-7-1973 को भी लोक सभा में वजीर (रेलवे) ने एलान किया कि स्कीम लागू की जा रही है और जेरे तजवीज है।

जहां तक मुझे मालूम है सरकार भी चाहती है कि यह स्कीम लागू हो। मगर फिर भी यह अभी तक लागू नहीं हो सकी है मैं इस को हुक्का की गफलत समझता हूं और आप के जरिये उन को आगह कर देना चाहता हूं कि अब अवाम की जिन्दगी के साथ ज्यादा न खेलें। ऐसी हालत में सरचार्ज बढ़ाना जनता के साथ मखौल करना है।

जनाबेवाला, मैं आप के जरिए व (रेलवे) से यह अर्ज करना चाहता हूं कि अगर आप इंशोरेंस की स्कीम लागू करते हैं तो आप को हस्बैजल फायदा होगा।

1. 38 से 60 लाख मुसाफिर रोजाना 4200 से 4500 मुसाफिर गाड़ियों पर 6500 से 7000 स्टेशनों पर उतरते हैं। इस के मायने यह हुए कि 2340 से 4166 मुसाफिर फी-मिनट स्टेशनों पर उतरते हैं या इस को इस तरह से भी देखा जा सकता है कि 1300 मिलयन से 2160 मिल्यिन मुसाफिर फी-साल सफर करते हैं जो हमारी कुल आबादी का चौगुना है।

2. यह बात भी काबिले गौर है कि एक तरफ इस स्कीम को लागू करते हैं तो 30 लाख रुपये की आमदनी रोजाना होगी और दूसरी तरफ इस स्कीम के जरिये 32000 नौजवानों को, पढ़े लिखे नौजवानों को रोजी मिलेगी नौकरी मिलेगी जिस से उन का नौकरी का मसला हल होगा।

बिल में अभी सरचार्ज बढ़ाने की बात कही गई है, लेकिन साथ-साथ यह भी जाहिर होना चाहिये कि सरचार्ज कितना बढेगा। मैं यह भी अर्ज करना चाहता हूं-इंशोरन्स की स्कीम लागू करने से आमदनी बढेगी, पढ़े लिखे नौजवान जो बेकार हैं, उन को नौकरी मिलेगी, पैसेन्जर्स जो गाड़ी में सवार होते

हैं उन को इतमिनान होगा कि अगर उन की जिन्दगी को अन्देशा होगा तो उन का मुआवजा मिलेगा, बिला टिकट सफर करने वालों की तादाद में कमी होगी । इस सदन में बारहा इस बात का एलान किया गया है, वायदा किया गया है कि इंश्योरेन्स स्कीम लागू की जाने वाली है, वह सरकार के जेरे गौर है तो मैं अर्ज करना चाहता हूं कि उसको जल्द से जल्द लागू किया जाये । इस एलान के साथ जो वायदा किया गया है उसको जल्दी से जल्दी लागू किया जाये ताकि मुसाफिरों की जिन्दगी सेफ हो सके ।

[شری محمد جمیل الرحمان (کشن گنج) محترم ڈپٹی سپیکر صاحب آجکل کے نعرے بازی اور انقلاب زندہ باد کے دور میں اس قدر انارکی بڑھ گئی ہے کہ انسان کو اپنی زندگی پر بھروسہ نہیں رہا جب بھی کوئی شخص گھر سے نکلتا ہے وہ یہ سوچنے لگتا ہے کہ صحیح اور سالم اپنے مکان پر واپس آ جائے - اگر کوئی شخص سفر پر نکلتا ہے تو وہ یہ ضرور سوچتا ہے کہ وہ ٹھیک وقت سے اور بالکل صحیح و سلامت اپنے ڈیسٹینیشن پر پہنچ جائے - میں اپنے دوستوں سے جو میری داہنی طرف بیٹھے ہیں خاص طور سے دست دعا کرونگا کہ کم سے کم وہ اپنی آفر کو برقرار رکھنے میں عوامی حکومت کا ساتھ دیں اور انقلاب زندہ باد کے نعرے کی آڑ میں عوام کی زندگی دوبھر نہ کر دیں - میں خاص طور سے اپنے سلسلتاؤں ایسے اداروں سے جو ہمارے مزدور بھائیوں کے رہبر ہیں - اُن سے دست دعا کر رہا ہوں - میں دیکھ رہا ہوں کہ پچھلے چلتی مہینوں سے ہر صوبے میں گڑ بڑ پیدا کی جا رہی ہے - اور گرائی جا رہی ہے - کبھی پانی بند کبھی بجلی بند کبھی ریل بند غرضیکہ جتنے قسم کے اوچھے ہتھیار ہیں وہ سارے استعمال کرتے ہیں - اور پھر عوام کی زندگی دوبھر کر دیتے ہیں -

میں یہ بھی عرض کرنا چاہتا ہوں - بھارت کی عوام اپنی ذمہ داری نبھانا جانتی ہے - نبھا رہی ہے - اور نبھا چکی ہے - اُن کے کھوکھلے نعروں سے اب کوئی خاص اثر بھارت کے عوام پر ہونے والا نہیں ہے - ریلوے کے ترمیمی بل کو میں نے بڑے غور سے دیکھا ہے اور پڑھا ہے - اس جمہوریت کے دور میں اس بل کے اندر جو رقم بڑھائی جانے کی مانگ کی گئی ہے - اس سے بڑا دھوکا عوام کو اور کیا دیا جا سکتا ہے - ہوائی جہاز کا مسافر مرے تو ایک لاکھ روپیہ اور ریل کا مسافر مرے تو 50 ہزار روپیہ دیا جائیگا یہ کیسا انصاف ہے - آخر زندگی تو سب کی برابر ہے اور ایک جیسی ہے اور موت بھی سب کی یکساں ہے ایسا تو نہیں ہے کہ امیر کی زندگی ایک ملنگ کی اور غریب کی زندگی

[شری محمد جمیل الرحمان]

کا رنگ دوسرا ہے اس لئے کمپنسیشن کے معاملے میں یہ امتیاز کیوں جمہوریت کے زمانے میں ڈسکریمینیشن یہ مناسب ہے -

ابھی پچھلے سیشن میں بھی ریلوے کی ایک ترمیم پاس ہوئی تھی - وہ دوسری ترمیم کو لے آئے ہیں - اس سے بہتر تو یہ تھا کہ آپ ریلوے کے سلسلے میں ایک مناسب بل پچھلے ریلوے ایکٹ کو رد کرنے کے لئے لے کر آتے جو ایسا بل ہو تو عوام کی زندگی کا نمونہ ہو - توخاص کو اس جمہوریت کے دور میں -جمہوریت کا خیال کرتے ہوئے و عوام کا خیال کرتے ہوئے - ایسا بل لایا جائے جو عوام کی ضرورت کو پورا کر سکے -

میں نے اس بل کے فائنانشیل میمورنڈم کے دوسرے پیرا کو پڑھا - میں اس کی پرزور مخالفت کرتا ہوں- کیونکہ سرچارج لگانا بالکل مناسب نہیں ہے - اس کے بدلے میں یہ تجویز کرتا ہوں کہ پسنجر انشورنس لاگو کی جائے - اس سلسلہ میں میں آپکے سامنے کچھ آنکڑے پیش کرنا چاہتا ہوں -

7-9-1962 کو ایک تجویز جناب مہابیر تیاگی صاحب نے پیش کی تھی اور اس پر آنجہانی وزیراعظم پنڈت جواہر لال نہرو نے رائے دی اور اس ریزولیوشن کو فائنانس منسٹری کے پاس بھیجا گیا تاکہ اس پر غور کیا جائے کہ اس سکیم کو لاگو کیا جا سکتا ہے یا نہیں - پنڈت جی چاہتے تھے کہ پسنجر انشورنس سکیم لاگو کی جائے- اس کے بعد 25-8-1966 کو جناب پاٹل صاحب نے جو اس وقت ریلوے کے وزیر تھے لوک سبھا میں کہا تھا کہ مسافروں کے لئے انشورنس کی رقم زیر غور ہے-

3-9-1966 کو اس وقت سنسد سدسیہ ڈاکٹر سنگھوی صاحب نے لوک سبھا میں مطالبہ کیا کہ انشورنس کی سکیم لاگو کی جائے -

22-7-1969 کو ڈاکٹر رام سبھاگ سنگھ جو اس وقت ریلوے کے وزیر تھے نے لوک سبھا میں یقین دلایا تھا کہ انشورنس سکیم لاگو کی جائیگی اور اور اس پر رضامندی بھی دی تھی -

18-6-1970 کو ریلوے بورڈ نے یہ تجویز کی اور کہا کہ معاملہ ایل - آئی - سی کے زیر غور ہے- جب ایل- آئی - سی کے زیر غور یہ معاملہ تھا تو پھر اس کو لاگو کیوں نہیں کیا جا رہا ہے - اس قدر وقت اس میں کیوں لگا جب کہ یہ معاملہ پنڈت جی کے وقت سے چلا آ رہا ہے-

موجودہ ڈپٹی منسٹر (ریلوے) نے 14-11-1972 کو راجیہ سبھا میں اعلان کیا کہ انشورنس کی سکیم کی، سکیم کو لاگو کرنے کی تجویز ہے-

3-5-1973 کو بھی وزیر (ریلوے) نے ریلوے بورڈ کے ذریعے یہ جواب دیا کہ اِس سکیم پر غور ہو رہا ہے-

30-7-1973 کو بھی لوک سبھا میں وزیر (ریلوے) نے اعلان کیا کہ سکیم لاگو کی جا رہی ہے اور زیر تجویز ہے -

جہاں تک مجھے معلوم ہے سرکار بھی چاہتی ہے کہ یہ سکیم لاگو ہو- مگر پھر بھی یہ ابھی تک لاگو نہیں ہو سکی ہے- میں اِسکو حکام کی غفلت سمجھتا ہوں اور آپ کے ذریعے اُن کو آگاہ کر دینا چاہتا ہوں کہ اب عوام کی زندگی کے ساتھ زیادہ نہ کھیلیں- ایسی حالت میں سرچارج بڑھانا جنتا کے ساتھ مذاق کرنا ہے-

جناب والا - میں اس کے ذریعے وزیر (ریلوے) سے یہ عرض کرنا چاہتا ہوں کہ اگر آپ انشورنس کی سکیم لاگو کرتے ہیں تو آپکو حسب ذیل فائدہ ہوگا :—

(1) 38 سے 60 لاکھ مسافر روزانہ 4200 سے 4500 مسافر گاڑیوں پر 6500 سے 7000 سٹیشنوں پر اُترتے ہیں - اِس کے معنے یہ ہوئے کہ 2340 سے 4166 مسافر فی ملین سٹیشنوں پر اُترتے ہیں یا اِسکو اِس طرح سے بھی دیکھا جا سکتا ہے کہ 1300 ملین سے 2160 ملین مسافر فی سال سفر کرتے ہیں جو ہماری کل آبادی کا چوگنا ہے-

(2) یہ بات بھی قابل غور ہے کہ ایک طرف اِس سکیم کو لاگو کرتے ہیں تو 30 لاکھ روپیہ کی آمدنی روزانہ ہوگی اور دوسری طرف اِس سکیم کے ذریعے 32000 نوجوانوں کو، پڑھے لکھے نوجوانوں کو روزی ملیگی - نوکری ملے گی جس سے اُنکا نوکری کا مسئلہ حل ہوگا -

بل میں ابھی سرچارج بڑھانے کی بات کہی گئی ہے لیکن ساتھ ساتھ یہ بھی ظاہر ہونا چاہیئے کہ سرچارج کتنا بڑھیگا - میں یہ بھی عرض کرنا چاہتا ہوں انشورنس کی سکیم لاگو کرنے سے آمدنی بڑھیگی - پڑھے لکھے نوجوان جو بیکار ہیں انکو نوکری ملےگی پیسنجرس جو گاڑی میں سوار ہوتے ہیں اُنکو اِطمینان ہوگا کہ اگر اُنکی زندگی کو اندیشہ ہوا تو اُسکا معاوضہ ملیگا - بلا ٹکٹ سفر کرنے والوں کی تعداد کم ہوگی -

اِس سدن میں بارہا اِس بات کا اعلان کیا گیا ہے وعدہ کیا گیا ہے کہ انشورنس سکیم لاگو کی جانے والی ہے - وہ سرکار کے زیر غور ہے تو میں عرض کرنا چاہتا ہوں کہ اسکو جلد سے جلد لاگو کیا جائے - اِس ایوان کے ساتھ جو وعدہ کیا گیا ہے اُسکو جلد سے جلد لاگو کیا جائے تاکہ مسافروں کی زندگی سیف ہو سکے-]

श्रीमती सहोदराबाई राय (सागर) : उपाध्यक्ष महोदय, जो बिल यहां पर आया है उसका मैं समर्थन करती हूं। साथ-साथ यह भी कहना चाहती हूं कि यह जो 50 हजार या एक लाख मुआविजे का बिल पास होने जा रहा है उसमें बड़ी भारी संख्या हो जायेगी। कभी-कभी शिक्षक लोग बच्चों को लेकर रेलवे फाटक से गुजरते हैं, अगर दुर्भाग्य से वहां कोई दुर्घटना हो जाये तो वहां भी यह 50 हजार या एक लाख का मुआविजा मिलेगा या नहीं। कई बार ऐसा होता है कि मियांबीवी में झगड़ा हो गया तो वे भी जाकर रेल के नीचे कट जाते हैं तो उस हालत में बीवी को या मियां को मुआवजा मिले इसका भी ध्यान रखना है। इसके अलावा जब यह बिल पास हो जायेगा तो कई लोग इसलिए भी जाकर रेल से कट जायेंगे कि एक लाख रुपया उसके परिवार को मिल जायेगा। इसलिए बहुत गौर करके इस बिल को पास करना चाहिए।

इसके साथ साथ मुझे यह भी निवेदन करना है कि जो गाड़ियां चलती हैं वह अक्सर जगह जगह खड़ी हो जाती हैं। बहुत से लोग जजीर खींच कर जहां चाहते हैं गाड़ी खड़ी कर देते हैं और अपना सामान, लकड़ी कोयला लेकर उतर जाते हैं। इसके अलवा जो रेल कर्मचारी हैं वह भी अक्सर हड़ताल कर देते हैं और उसकी वजह से भी गाड़ी समय से नहीं चलती हैं। कर्मचारी भी अक्सर झंडा लेकर खड़े हो जाते हैं और हड़ताल कर देते हैं। नाना प्रकार की पार्टियां हैं जो तरह तरह से भारतवर्ष में समाजवाद लाने में रोड़ा अटका रही हैं। ऐसा लगने लगता है कि जैसे कोई कानून ही नहीं है, कोई शासन ही नहीं है। इसलिए इन बातों के लिए भी सोचना चाहिए। रेलमंत्री जी जो यहां पर बैठे हैं मैं उनसे कहना चाहती हूं कि हम लोग अपने कई सुझाव यहां पर देते हैं लेकिन हमारी एक बात भी कभी मानी नहीं जाती। मैंने कई बार यहां पर मध्य प्रदेश की ट्रेन्स के बारे में अपने सुझाव दिये लेकिन हमारी बात न तो कभी सुनी जाती है और न ही मानी जाती है। यहां पर जो हरिजन आदिवासी मेम्बर हैं उनकी कोई बात सुनी नहीं जाती, उनकी तरफ कोई ध्यान ही नहीं दिया जाता है और जो बड़े चटकीले लोग हैं चापलूसी करने वाले उन्हीं की बातें सुनी जाती हैं। इसलिए मेरा कहना है कि कोई भी आदमी हो सभी के लिए एक कानून होना चाहिए और सभी की बातों को सुनना चाहिए।

इसके साथ मुझे यह भी निवेदन करना है कि रेलवे में जो कर्मचारी भर्ती किये जाते है उनमें उन महिलाओं को भी जो बी०ए०, एम० ए० पास हैं जगह मिलनी चाहिए।

साथ ही इसमें जो 50 हजार का मुआविजा रखा गया है जिसके लिए 1 लाख रखने की मांग सभी लोगों ने की है मैं भी समझती हूं एक लाख रखना चाहिए और रेलवे में कोई दुर्घटना होने के बाद जल्दी से जल्दी यह मुआविजा उसको मिल जाना चाहिए आज जो हालत है उस में पांच साल तक लोग भटकते है और हजार दो हजार रुपये जब तक उन लोगों की जेब में न पहुंचे तब तक कोई फैसला ही नहीं होता है। इसलिए उस पर

जल्दी से जल्दी गौर किया जाये और मुआविजे की रकम फौरन दी जाये । इसके अलावा जिनके हाथ-पैर दुर्घटना में कट जायेंगे उनके लिए क्या होगा? उनके लिए सरकारी नौकरी के नियम के मुताबिक होगा या एक लाख रुपया मिलेगा इस बात को भी देखना चाहिए ।

इन शब्दों के साथ मैं रेल मन्त्री ने जो विधेयक पेश किया है उसका समर्थन करती हूं और यह आग्रह करती हूं कि जल्दी से जल्दी कदम उठाये जायें और रेलवे की व्यवस्था को भी ठीक किया जाये ।

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी): जनाब डिप्टी स्पीकर साहब 30 से ज्यादा माननीय सदस्यों ने इस बहस में हिस्सा लिया है हालांकि यह एक मुख्तसिर बिल था, एक अच्छा बिल था और मुझे ख्याल था कि इसमें बहस कम होगी । यह एक अच्छा कदम है तमाम लोगों ने इसका समर्थन किया है लेकिन जब भी रेलवे पर बहस होती है तो तमाम किस्म के मसले उठाये जाते हैं और छोटे से वक्त में उनका जवाब देना काफी मुश्किल हो जाता है । एक बात जिसकी तरफ मैं ध्यान दिलाना चाहता हूं वह यह कि जो बिल हम लाये हैं वह एक अच्छा कदम है । पहले जब कभी एक्सीडेंट होता था तो किसी शख्स की आमदनी की बुनियाद पर मुआवजा मिलता था । तो अगर किसी शख्स की आमदनी 70 रुपये या उससे कम हो तो 4 हजार मुआवजा मिलता था अगर वह मर जाये तो । इसी तरह 70 से 100 रु० की आमदनी हो तो 5 हजार मिलता था । और जो सब से ऊंची हद 20 हजार की होती थी वह उस सूरत में मिलती थी जब कि आमदनी दो हजार रुपये हो । इस तरह से यह जो बात थी वह डिस्क्रीमिनेटरी थी क्योंकि दौलत की बुनियाद पर या तनखाहों की बुनियाद पर मुआविजा मुकर्रर किया गया था । उस हद तक मैं समझता हूं कि इस बात की दाद देनी चाहिये कि रेलवे में जो एक डिस्क्रीमिनेशन था, आमदनी की बुनियाद पर मुआविजा देने की जो बात थी उसको खत्म करके एक अच्छा बिल लाया गया है और मुआविजे की हद भी बढ़ा दी गई है । जो शख्स रेल के हादसे में मारा जायेगा उसको 50 हजार रुपये मिलेंगे और जो उम्र भर के लिए नाकारा हो जायगा, जख्मी होगा, हाथ पैर कट जायेंगे या आंख निकल जायेगी तो उसी हिसाब से उसको मुआविजा मिलेगा इस में जराये आमदनी कुछ भी हो, गरीब हो या अमीर हो उसका सवाल नहीं है ।

यहां पर कुछ माननीय सदस्यों ने इस बात का तजकिरा किया कि यह अच्छा कदम है लेकिन 5 पैसे सरचार्ज जो लगाया गया है वह ज्यादती की है और रेलवे इसी तरह से ज्यादा रुपया हासिल करना चाहती है । यहां पर कई बार तजकिरा हो चुका है कि रेलवे जो है वह कौम की अमानत है कौम की मिल्कियत है, यहां कौन किस से लेता है, कौन किस को देता है उस झगड़े में पड़ने की जरूरत नहीं है । मैं समझता हूं कि यह जो सरचार्ज है उस में आज जनता तमाम लोगों के दुखदर्द में शरीक होने के लिये छोटी-छोटी रकम अपनी जेब से देगी और मुझे यकीन है जनता इस सरचार्ज को पसन्द करेगी क्योंकि वह यह समझ कर देगी . . (व्यवधान) कि किराया तो बढ़ा नहीं और पांच पैसा जो हम देंगे वह इसलिए है कि अगर कोई दुर्घटना हो गई और उस में कोई भाई जख्मी हो गए या मर गए तो उनको मुआविजा देने में कुछ हमारा भी हिस्सा हो जायेगा । एक थर्ड क्लास का पैसेन्जर भी 5 पैसे देगा । मैं समझता हूं कि समाजवाद

[श्री मुहम्मद शफी कुरेशी]

की सब से बड़ी बर्कत यह भी है। (व्यवधान) मेरा ख्याल है उस तरफ के लोगों को समाजवाद समझाने में काफी देर लगेगी इसलिए वह थोड़ा सा सब्र करें तो मुमकिन है समझ जाये। (व्यवधान) मेरा इस बात को साफ करने का मकसद था कि रेलवे इस बिल से एक अच्छा कदम उठा रही है लेकिन यह न समझा जाये कि रेलवे इससे कोई रकम हासिल करना चाहती है। जो भी रकम हासिल होगी, मैं सदन को इस बात का यकीन दिलाता हूं कि तमाम की तमाम रकम पेसेन्जर एमिनिटीज, सेफ्टी की डिवाइस को मजबूत बनाने में, अच्छा बनाने में सर्फ की जायेगी, किसी और काम पर वह रुपया सर्फ नहीं होगा। (व्यवधान) रेलवे में 127 करोड़ रुपया एक सोशल बर्डन है। पिछले कई वर्षों से आम तौर पर ख्याल है कि हम पेसेन्जर ट्राफिक, से, पार्सल ट्राफिक से, कोचिंग ट्राफिक से पैसा कमाते हैं लेकिन ऐसी बात नहीं है बल्कि कोचिंग ट्राफिक पर हर साल हमारा 63 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। वजह यह है कि हम कम किराया लेते हैं, दुनिया में सब से कम किराया यहां पर है। अगर आप उनको बढ़ाना चाहते हैं तो आमदनी ज्यादा हो सकती है। इसी तरह से तकरीबन 55 करोड़ रुपया रेलवे को नुकसान होता है फूड-ग्रेन्स, फर्टिलाइजर या इस किस्म की जो आम लोगों के इस्तेमाल की चीजें हैं उनको लाने में। उसका भी किराया अगर बढ़ा दें तो हमारी आमदनी बढ़ सकती है और जो घाटा रेलवे को होता है उसको पूरा कर सकते हैं। क्योंकि अवाम के फायदे की जो चीजें हैं, आम लोगों को जिन से फायदा पहुंचता है वहां रेलवे यह नहीं सोचती है कि इस से इतना रुपया कमाना है बल्कि जनता का फायदा किस में है इसको देखती है। इस वास्ते 55 करोड़ का नुक्सान भी हम बरदाश्त करते हैं।

तकरीबन साढ़े सात करोड़ रुपया अनइकोनोमिक ब्रांच लाइंज चलाने पर हम को नुक्सान उठाना पड़ाता। है अगर उन को बन्द कर दें तो यह बच सकता है। लेकिन चूंकि जनता को इस से तकलीफ होगी इस वास्ते हम खुद की तकलीफ को बरदाश्त कर लेते हैं। इस तरह से तकरीबन एक अरब 27 करोड़ रुपया रेलवे को हर साल सोशल मैंशर्ज के तौर पर बरदाश्त करना पड़ता है। उसको 14 करोड़ रुपया रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स पर भी खर्च करना पड़ता है और तकरीबन बीस करोड़ रेलवे कर्मचारियों की सेहत पर, अस्पतालों पर, दवाइयों पर खर्च करना पड़ता है। तकरीबन 11 करोड़ रेल्वे के जो मुलाजिम हैं उन के बच्चों की तालीम पर वह खर्च करती है। इस वास्ते यह इल्जाम लगाना कि किसी तरह से पैसा बटोरने की रेलवे कोशिश करती है, सही नहीं है। इस दायरे में आप इसको देखें तो आप पायेंगे कि हिन्दुस्तान में रेलवे अपने किस्म की एक ही वैलफेयर इंस्टीट्यूशन है जो कि इतने ज्यादा अव्वाम की खिदमत करती है

मैं मानता हूं कि रेलवे में एक्सीडेंट्स को कम करना चाहिये। लेकिन इस मामले को भी अगर आप इस नुक्तेनिगाह से देखें कि हर रोज रेलवे को साठ लाख यात्री रेलवे में ले जाने पड़ते हैं तकरीबन छः लाख टन माल

हर रोज एक जगह से दूसरी जगह ले जाना पड़ता है, दस हजार ट्रेनें सात हजार स्टेशनों से चलती हैं, इन यात्रियों को आराम से पहुंचाना है, सही सलामत पहुंचाना है तो आप मानेंगे कि एक्सीडेंट्स का ट्रेंड कमी की तरफ है। 1964–65 में डिरेलमेंट्स लेवेल क्रासिज पर जो एक्सीडेंट्स होते हैं जो कोलिशंज होते हैं या रेल में कभी कभी आग लग जाती है उनकी तादाद 1293 थी जो कि 1972–73 में घट कर 815 रह गई। इसका मतलब यह है कि पिछले आठ नौ सालों में एक्सीडेंट्स में 37 परसेंट की कमी हुई है और उस के मुकाबले में रेलों का जो काम बढ़ा है वह 28 परसेंट बढ़ा है, माइलेज जो इसकी बढ़ी है।

इसका मतलब यह नहीं कि जो हादसे होते रहे हैं उनको नजर अंदाज कर दिया जाए। माननीय सदस्यों ने अपने सुझाव दिए हैं। साठ से सत्तर परसेंट तक जो एक्सीडेंट होते हैं वे ह्यूमन फेल्योर की वजह से होते हैं। मशीन कितनी ही कामयाब या अपटूडेट क्यों न हो लेकिन मशीन के पीछे जो इन्सान है वही सब से ज्यादा कारामद होता है। अगर इंसान मशीन के पीछे काम नहीं कर सकता है तो काम नाकारा हो जाता है एक एस्पेक्ट रेलवे सेफ्टी का यह है कि जो लोग गाड़ियां चलाते हैं जो सिगनेलिंग इक्विपमेंट है, जो हमारा सेफ्टी एक्विपमेंट है, उसको हमने मार्डन बनाने की कोशिश की है और इन लोगों को ट्रेनिंग देने की भी कोशिश की है। आम लोगों को भी, जनता को भी सेफ्टी कांशंस बनाने की हमने कोशिश की है। यह पोस्टर्ज के जरिये, फिल्मों के जरिये अखबारों के जरिये जनता की तलकीन की जाती है कि सेफ्टी एस्पेक्ट को बरकरार रखने के लिए उन्हें क्या क्या करना चाहिये।

जहां तक लेवेल क्रासिंग्ज का सम्बन्ध है देश भर में तकरीबन चालीस हजार के करीब लेवेल क्रासिंग्ज हैं और ए बी सी कैटेगरी के हैं। एक मैंड हैं, एक अनमैंड हैं और एक मवेशियों के लिये हैं। बीस हजार के करीब अनमैंड हैं। अगर इनको मैंड कर दिया जाए तो उस पर तकरीबन साठ करोड़ रुपया खर्च होगा और पन्द्रह करोड़ हर साल उस पर रेकरिंग एक्सपेंडीचर होगा। इसका मतलब यह नहीं है कि हम यह करना नहीं चाहते हैं। हमने पिछले पांच सालों में तकरीबन 350 से ज्यादा अनमैंड लेवेल क्रासिंग्ज को मैंड लेवेल क्रासिंग्ज में तबदील किया है। मैं चाहता हूं कि मजीद ओवर और अंडर ब्रिज तामीर किए जाएं ताकि जहां रेलवे लाइन और सड़क आपस में मिलती हैं वहां पर एक्सीडेंट्स की तादाद कम हो सके। मैं एक बात जरूर अर्ज करना चाहता हूं। रेलवे के पास एक सेफ्टी फंड है जिस में इस वक्त करीब 12 करोड़ पचास लाख रुपया है। वह रकम हम ने स्टेट गवर्नमेंट्स के लिए रखी है। जब भी स्टेट गवर्नमेंट की तरफ से; रिक्वेस्ट आती है ओवर ब्रिज के लिए रेलवे लाइन पर पुल बनाने के लिए तो उस पुल का जो खर्चा है वह रेलवे बरदाश्त करने के लिए तैयार है आधा अपने फंड से और आधा सेफ्टी फंड से लेकिन उसके दोनों तरफ की सड़कों पर जो खर्च होगा वह स्टेट गवर्नमेंट को करना होगा और उसका आधा रुपया रेलवे देती है और आधा सेफ्टी फंड से मिलता है। यह जो सेफ्टी फंड है यह इसी के लिये है। आंध्र ने 35 लाख लिया

[श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी]

है , उसको इतना एलाट हुआ है, तमिलनाडु को 58.80 लाख, केरल को 15 लाख, गुजरात को 793.80 लाख, असम को 24.50 लाख, राजस्थान को 37.5 लाख। ये वे स्टेटस हैं जिन्होंने मांग तो की लेकिन रुपये का स्तेमाल नहीं किया । बाकी किसी स्टेट ने रुपया नहीं मांगा । यहां तक यह हालत है ।

हम तो माइल बकरम हैं कोई साइल ही नहीं ।

हम देने को तैयार हैं लेकिन मांगने वाला कोई ही नहीं ।

SHRI VAYALAR RAVI (Chirayinkil): The hon. Minister said about the unmanned level crossings. I would like to know as to how they determine whether it should be a manned or an unmanned level crossing. My constituency is a crowded constituency. Five people died last month because it was an unmanned one. I have also made a representation.

श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी : रेलवे विभाग के पास एक फार्मुला है जिस को मैं समझता हूं बदलने की जरूरत है ।

SHRI VAYALAR RAVI: That is an old British formula. You must change it.

श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी : उस में यह देखा जाता है कि दिन में कितनी रेलें चलती हैं, कितनी गाड़ियां उस सड़क को क्रास करती हैं और उस को जरब देकर अगर उस की तादाद एक से तीन हजार हो जाती है तो उस वक्त हम समझते हैं कि इसको मैंड बनाया जाना चाहिये । यह जो फार्मुला है इस को जनता और आम लोगों की जरूरतों के मताबिक बदलने की जरूरत है और इसको बदला जाएगा । जो कानून 1890 में यानी लगभग सौ साल पहले बना आज भी वही सही हो सकता है यह मैं भी नहीं मानता । मैं मानता हूं कि इसको बदलने की जरूरत है । मैं भी मानता हूं कि हालात के मुताबिक उस को चलाया नहीं जाएगा, बदला नहीं जाएगा, तो मुश्किलात होंगी ।

कुछ लोगो ने रेलवे बोर्ड की सख्त शिकायत की है। हर बार मुझे रेलवे बोर्ड के मुताल्लिक कहना पड़ता है कि यह एक अच्छी जमात है टैक्नोक्रेट्स की, ये वे लोग हैं जो रेलवे में ही बड़े हैं और इन्होंने अच्छा काम किया है लेकिन बदकिस्मती है कि हर बार जब भी रेलवे के मुताल्लिक बहस होती है, उसका पहला शिकार रेलवे बोर्ड को बनाया जाता है ।

जहां तक मुआवजे का ताल्लुक है मैं बता दूं कि एक्ट बनने के बाद रूल इसके तहत बनेंगे उन रूल्ज के तहत मुआवजे की हद मुकरर की जाएगी मैं वाजह कर देना चाहता हूं कि यह लिखा हुआ है कि कम्पसेशन अपटू 50 हजार में सफाई करना चाहता हूं कि अगर किसी आदमी की बदकिस्मती से रेलवे एक्सीडेंट की वजह से मृत्यु हो जाये तो उसको पचास हजार रुपया मिलेगा जहां पर हादसे की वजह से उम्र भर के लिये नाकारा हो जाये काम करने के लायक न रहे उसको भी 50 हजार रुपये दिये जाएगें बाकी लोग जिस तरीके से उनके जख्म होगें जैसे जिस्म को नुकसान पंहुचेगा उस हिसाब से उमको यह मुआवजा दिया जायेगा ।

हम ने इस बिल में एक और बात भी है पहले क्लेम्ज कमिशनर क्लेम का सेटल करने में काफी वक्त ले लेते थे। अब रेलवेज को यह अख्त्यार होगा कि क्लेम का फैसला होने से पहले वह हादिसों में मरने वालों या जख्मी होने वालों को एडहाक पेमेंट दे सके, ताकि पहले जो तवालत होती थी, उस को कम कर दिया जाये।

प्रो० मधु दंडवते (राजापुर) : करीब-करीब हर वक्ता ने दलील पेश की है कि रेल दुर्घटना में मरने वालों को केवल 50 हजार रुपये कम्पेन्सेशन क्यों दिया जाये, जब कि हवाई जहाज दुर्घटना में मरने वालों को एक लाख दिया दिया जाता है। मंत्री महोदय ने इस पर कोई रोशनी नहीं डाली है।

श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी : किसी इन्सान की जिन्दगी की कोई कीमत नहीं मुकर्रर की जा सकती है। हम एक आदमी की जिन्दगी को 50 हजार रुपये या एक लाख रुपयों में तोलें, यह सही नहीं है। हम चाहे जितना भी ज्यादा मुआवजा दें इन्सान की जिन्दगी के मुकाबले में वह कुछ नहीं है। लेकिन एक कदम हम ने आगे बढ़ाया है। कम्पेन्सेशन को बीस हजार रुपये से बढ़ा कर 50 हजार रुपये किया है कम से कम हमें उस की तो दाद मिलनी चाहिये।

हवाई जहाज के एक्सिडेंट्स में भी जो बारह साल से ज्यादा उम्र के लोग हैं उनको एक लाख रुपया मिलता है और बारह साल से कम उम्र वालों को 50 हजार रुपये मिलते है वहां भी डिसक्रिमिनेशन है। जान तो बड़ों की भी है और छोटों की भी।

श्री वसंत साठे : उस की वजह यह है कि जो बारह साल से कम होते हैं, उनके कोई डिपेंडेंट्स नहीं होते हैं और बारह साल से ऊपर वालों के डिपेंडेंट्स होने की संभावना होती है। उस में तो कुछ तर्क है। इस प्राविजन में क्या तर्क है?

श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी : जो बारह साल का बच्चा होता है, वह मां बाप की उम्मीद होता है। उसका भविष्य होता है। वह ज्यादा कीमती होता है, बनिस्बत उसके, जो कमाता है।

अभी श्री तिवारी मुझे कह रहे थे कि कहीं इस कम्पेन्शेसन को ज्यादा एट्रेक्टिव न बना देना, वर्ना हम बूढ़ों की शामत आ जायेगी; जिस ट्रेन में बूढ़ों ने सफ़र किया, उस को उड़ाने की कोशिश की जायेगी ताकि मुआवजा मिल सके। हमारी यह नीयत नहीं है। हम चाहते हैं कि दुर्घटनायें बिल्कुल न हों, हादसे कम से कम हों। लेकिन यह ऐसा विभाग है कि जिस में कभी कभी बद-किस्मती से दुर्घटना हो जाती है। हम ने जो कदम उठाया है, वह ईमानदारी और नेक-नीयती से उठाया। मुझे यकीन है कि हाउस उस की ताईद करेगा।

स्वामी जी ने कहा है कि कुछ हादसे शराब पीने की वजह से होते हैं। मुझे इसकी कोई इत्तिला नहीं है। लेकिन एक वाक्या है कि दो शराबी लुढ़कते लड़खड़ाते स्टेशन पर आए। स्टेशन मास्टर ने उन पर रहम खा कर कहा कि उन को गाड़ी पर चढ़ाओ। गाड़ी जाने वाली थी। उन्होंने

[श्री मुहम्मद शफी कुरेशी]

बड़ी मुश्किल से एक आदमी को गाड़ी पर चढ़ा दिया, लेकिन दूसरा रह गया। दूसरे आदमी से पूछने लगे कि तुम कहां जाने वाले थे। उस ने कहा कि आप ने तो गज़ब कर दिया, जाने वाला तो मैं हूं, वह आदमी तो मुझे छोड़ने के लिए आया था। उन दोनों ने शराब पी रखी थी।

मुमकिन है कि ड्राइवर भी पीते हों। पैसेंजर्ज भी पीते होंगे। अगर शराब पीने की वजह से कोई एक्सिडेंट हुआ हो, तो बाकायदा कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

हर तरफ़ से ---आसाम, बिहार, बंगाल और उड़ीसा से---यह मांग की गई है कि एक तेज़ रफ़्तार गाड़ी न्यु डेल्ली से न्यु बोंगाईगांव वाया भागलपुर, साहिब गंज लूप और फ़रक्का चलनी चाहिए। मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी है कि एक मेल गाड़ी हफ्ते में दो बार इस रास्ते पर 26 जनवरी से चालू की जायेगी। इस के अलावा एक मीटरगेज एक्सप्रेस ट्रेन न्यु बोगाईगांव और गौहाटी के बीच चलाई जायेगी।

माननीय सदस्यों ने जितने भी पायंट्स उठाये हैं, मैंने उन को कवर कर लिया है। अगर मैंने व्यक्तिगत तरीके से किसी मेम्बर साहब का नाम नहीं लिया, तो उस के लिए मैं माफी चाहता हूं।

श्री शंकर दयाल सिंह : इनशोरेंस ?

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : जहां तक इनशोरेंस का ताल्लुक है,---जमील साहब ने भी उस का ज़िक किया है---, श्री हनुमन्तैया के वक्त से इस स्कीम की बात चल रही है। श्री पाई ने भी यह स्कीम चलाने की कोशिश की। लेकिन इस में कुछ उलझनें हैं। अल्टीमेट्ली हम को इनशोरेंस को लाना पड़ेगा। इस के लिए कुछ वक्त दिया जाये। हो सकता है कि कुछ वक्त के बाद इसको लागू किया जाये।

[ذیل مندرالیه میں اُپ ملتری (شری محمد شفی قریشی)]: جناب ڈپٹی سپیکر صاحب 30 سے زیادہ مانئیه سدسیوں کے اِس بحث میں حصه لے لیا ہے حالانکہ یه ایک مختصر بل تها - اور مجهے خیال تها که اس میں بحث کم ہوگی - یه ایک اچها قدم هے - تمام لوگوں نے اس کا سمرتهن کیا هے حالانکه جب بهی ریلوے پر بحث ہوئی هے تو تمام قسم کے مسلے اُٹهائے جاتے هیں - اور چهوٹے سے وقت میں اُنکا جواب دینا کافی مشکل ہو جاتا هے - ایک کی بات کی طرف میں دهیان دلانا چاهتا ہوں وه یه که جو بل هم لائے ہیں وه ایک اچها قدم هے - پہلے جب کبهی ایکسیڈنٹ ہوتا تها تو کسی شخص کی آمدنی کی بنیاد پر معاوضه ملتا تها - اگر کسی شخص کی آمدنی 70 روپیه یا اُس سے کم ہو تو چار ہزار معاوضه ملتا تها اگر وه مر جائے تو اِسی طرح 70 سے 100 روپیه کی آمدنی ہو تو 5 ہزار ملتا تها اور جو سب سے اونچی

کسکو دیتا ہے- اُس جھگڑے میں پڑنے کی ضرورت نہیں ہے- میں سمجھتا ہوں یہ جو سرچارج ہے اُس میں آج جنتا تمام لوگوں کے دکھ درد میں شریک ہونے کے لئے چھوٹی چھوٹی رقم اپنی جیب سے دیگی اور مجھے یقین ہے جنتا اِس سرچارج کو پسند کریگی کیونکہ یہ سمجھ کر دیگی (ویودان) کر کرایہ تو بڑھا نہیں اور 5 پیسہ جو ہم دینگے وہ اِس لئے ہے کہ اگر کوئی درگھٹنا ہو گئی اور اُس میں کوئی بھائی زخمی ہو گیا یا مر گیا اُسکو معاوضہ دینے میں کچھ ہمارا بھی حصہ ہو جائیگا - ایک تھرڈ کلاس کا پیسنجر بھی 5 پیسے دے گا- میں سمجھتا ہوں سماجواد کی سب سے بڑی برکت یہ بھی ہے (ویودان) میرا خیال ہے اُس طرف کے لوگوں کو سماجواد سمجھانے میں کافی دیر لگیگی - اِس لئے وہ تھوڑا سا صبر کریں تو مناسب ہے کہ سمجھ جائیں- (ویودان) میرا اِس بات کو صاف کرنے کا مقصد تھا کہ ریلوے اِس بل سے ایک اچھا قدم اُٹھا رہی ہے لیکن یہ نہ سمجھ جائیں کہ ریلوے اس سے کوئی رقم حاصل کرنا چاہتی ہے - جو بھی رقم حاصل ہوگی میں سدن کو اِس بات کا یقین دلانا چاہتا ہوں کہ تمام کی تمام رقم پیسنجر ایمی نیٹیز سہولتوں کی دوائس کو مضبوط بنانے میں ، اچھا بنانے میں صرف کی حد 20 ہزار کی ہوتی تھی وہ اُس صورت میں ملتی تھی جب کہ آمدنی 2 ہزار روپئے ہو - اِس طرح سے یہ جو بات تھی وہ ڈسکریمینیٹری تھی کیونکہ دولت کی بنیاد پر معاوضہ مقرر کیا جاتا تھا - اُس حد تک میں سمجھتا ہوں اِس بل کی داد دینی چاہیئے کہ ریلوے میں جو ایک ڈسکریمینیشن تھا آمدنی کی بنیاد پر معاوضہ دینے کی جو بات تھی اُسکو ختم کرکے ایک اچھا بل لایا گیا ہے اور معاوضے کی حد بھی بڑھائی گئی ہے- جو شخص ریل کے حادثے میں مارا جائیگا اُسکو 50 ہزار روپیہ ملینگے اور جو عمر بھر کے لئے ناکارہ ہو جائیگا - زخم ہوگا ہاتھ پیر کٹ جائینگے یا آنکھ نکل جائینگی تو اُسی حساب سے اُسکو معاوضہ ملیگا - اِس میں ذرائع آمدنی کچھ بھی ہو- غریب ہو یا امیر ہو اُسکا سوال نہیں ہے -

یہاں پر کچھ مانئیہ سدسیوں نے اِس بات کا تذکرہ کیا کہ یہ اچھا قدم ہے لیکن 5 پیسہ جو سرچارج لگایا گیا ہے وہ زیادتی کی ہے اور ریلوے اسی طرح سے زیادہ روپیہ حاصل کرنا چاہتی ہے- یہاں پر کئی بار تذکرہ ہو چکا ہے کہ ریلوے جو قوم کی امانت ہے قوم کی ملکیت ہے- یہاں کون کس سے لیتا ہے- کون

جائیگی - کسی اور کام پر وہ روپیہ صرف نہیں ہوگا (ویروداں) ریلے میں 127 کروڑ روپیہ ایک سوشل بدتن ہے- پچھلے کئی ورشوں سے عام طور پر خیال ہے کہ ہم پیسنجر ٹریفک سے، پارسل ٹریفک سے، کوچنگ ٹریفک سے پیسہ کماتے ہیں لیکن ایسی بات نہیں ہے بلکہ کوچنگ ٹریفک پر ہر سال ہمارا 63 کروڑ روپیہ کا گھاٹا ہو رہا ہے - وجہ یہ ہے کہ ہم کم کرایہ لیتے ہیں - دنیا میں سب سے کم کرایہ یہاں پر ہے- اگر آپ اسکو بڑھانا چاہتے ہیں تو آمدنی زیادہ ہو سکتی ہے - اِس طرح سے تقریباً 55 کروڑ روپیہ ریلوے کو نقصان ہوتا ہے - مٹکریلز مرتھولائڈر یا اِسی قسم کی جو عام لوگوں کے استعمال کی چیزیں ہیں اُنکو لانے میں اُسکا بھی کرایہ اگر بڑھا دیں تو ہماری آمدنی بڑھ سکتی ہے اور جو گھاٹا ریلوے کو ہوتا ہے اسکو پورا کر سکتے ہیں - کیونکہ عوام کے فائدے کی جو چیزیں ہیں - عوام لوگوں کو جن سے فائدہ پہنچتا ہے وہاں ریلوے یہ نہیں سوچتی ہے کہ اِس سے اِتنا روپیہ کمانا ہے - بلکہ جنتا کا فائدہ کس میں ہے اُسکو دیکھتی ہے- اِس واسطے 55 کروڑ کا نقصان بھی ہم برداشت کرتے ہیں -

تقریباً $7\frac{1}{2}$ کروڑ روپیہ انکونامک برانچ لائنز چلانے پر ہم کو نقصان کا اُٹھانا پڑتا ہے- اگر اُنکو بند کر دیں تو یہ بچ سکتا ہے- لیکن چونکہ جنتا کو اِس سے تکلیف ہوگی اِس واسطے ہم خود کی تکلیف کو برداشت کر لیتے ہیں - اِس طرح سے تقریباً ایک ارب 27 کروڑ روپیہ ریلوے کو ہر سال سوشل سروسز کے طور پر برداشت کرنا پڑتا ہے- اُسکو 14 کروڑ روپیہ ریلوے پروٹیکشن فورس پر بھی خرچ کرنا پڑتا ہے- اور تقریباً 20 کروڑ ریلوے کرمچاریوں کی صحت پر ہسپتالوں پر، دوائیوں پر خرچ کرنا پڑتا ہے- تقریباً 11 کروڑ ریلوے کے جو ملازم ہیں اُنکے بچوں کی تعلیم پر وہ خرچ کرتی ہے- اِس واسطے اِلزام لگانا کہ کسی طرح سے پیسہ بٹورنے کی ریلوے کوشش کرتی ہے سہی نہیں ہے- اِس دائرے میں آپ اِسکو دیکھیں تو آپ پائینگے کہ ہندوستان میں ریلوے ایک قسم کی ایک ہی ویلفیر انسٹیٹیوشن ہے جو کہ اتنے زیادہ عوام کی خدمت کرتی ہے -

میں مانتا ہوں کہ ریلوے میں ایکسیڈنٹوں کو کم کرنا چاہئیے- لیکن اس معاملے کو بھی اگر آپ اِس نقطہ نگاہ سے دیکھیں کہ ہر روز ریلوے کو 60 لاکھ یاتری ریلوے میں لے جانے پڑتے ہیں- تقریباً 6 لاکھ ٹن مال ہر روز ایک جگہ سے دوسری جگہ لے جانا پڑتا ہے - دس ہزار ٹرینیں سات ہزار سٹیشنوں سے چلتی ہیں - ان یاتریوں کو آرام سے پہنچانا ہے - سہی

- تو آپ مانیں گے کہ ایکسیڈینٹس کا ٹرینڈ کمی کی طرف ہے 1964-65 میں ڈیریلمینٹس لیول کراسنگ پر جو ایکسیڈنٹس ہوتے ہیں - جو کولیشنز ہوتی ہیں - ریل میں کبھی آگ لگ جاتی ہے اسکی تعداد 1293 تھی جو کہ 1972-73 میں گھٹ کر 815 رہ گئی ہے - اسکا مطلب یہ ہے کہ پچھلے 8-9 سالوں میں 37 پرسینٹ کی کمی ہوئی ہے - اور اسکے مقابلے میں ریلوں کا جو کام بڑھا ہے وہ 28 پرسینٹ بڑھا ہے مائیلیج جو اسکی بڑھی ہے - اِسکا یہ مطلب نہیں کہ جو حادثے ہوتے ہیں انکو نظر انداز کر دیا جائے - مانیئے سدسیوں نے اچھے سجھاؤ دئے ہیں - 60 سے 70 پرسینٹ تک تو ایکسیڈنٹ ہوتے ہیں وہ ہیومن فیلیر کی وجہ سے ہوتے ہیں - مشین کتنی ہی کامیاب یا ایفیشینٹ کیوں نہ ہو لیکن مشین کے پیچھے جو اِنسان ہے- وہی سب سے زیادہ کارآمد ہوتا ہے - اگر انسان مشین کے پیچھے کام نہیں کر سکتا تو کام ناکارہ ہو جاتا ہے - ایک اسپیشل ریلوے سیفٹی کا یہ ہے کہ جو لوگ گاڑیاں چلاتے ہیں جو سگنلنگ اکوپمینٹ ہے جو ہمارا - سیفٹی ایکوپمینٹ ہے اسکو ہم نے معیاری بنانے کی کوشش کی ہے اور ان لوگوں کو ٹریننگ دینے کی بھی کوشش کی ہے - عام لوگوں کو بھی و جنتا کو بھی سیفٹی کانشس بنانے کی ہم نے کوشش کی ہے پوسٹر کے ذریعے- فلموں کے ذریعے اخباروں کے ذریعے جنتا کو تلقین کی جاتی ہے- کہ سیفٹی اسٹینڈرڈ کو برقرار رکھنے کے لئے انہیں کیا کرنا چاہئیے -

جہاں تک لیول کراسنگ کا سمبندھ ہے دیش بھر میں تقریباً 40 ہزار کے قریب لیول کراسنگ ہیں اور اے - بی - سی کیٹگریز کے ہیں - ایک مینڈ ہیں ان ایک مینڈ ہیں - اگر انکو مینڈ کر دیا جائے تو اُس پر تقریباً 60 کروڑ روپیہ خرچ ہوگا اور 15 کروڑ ہر سال اس پر ریکرنگ ایکسپنڈیچر ہوگا - اسکا مطلب یہ نہیں ہے کہ ہم یہ کرنا نہیں چاہتے ہیں - ہم نے پچھلے 5 سالوں میں تقریباً 350 سے زیادہ ان مینڈ لیول کراسنگ کو مینڈ لیول کراسنگ میں تبدیل کیا ہے - میں چاہتا ہوں کہ مزید اور انڈر برج تعمیر کئے جائیں تاکہ جہاں ریلوے لائن اور سڑک آپس میں ملتی ہیں وہاں پر ایکسیڈنٹس کی تعداد کم ہو سکے - میں ایک بات ضرور عرض کرنا چاہتا ہوں - ریلوے کے پاس ایک سیفٹی فنڈ ہے جس میں اس وقت قریب 12 کروڑ 50 لاکھ روپیہ ہے - یہ رقم ہم نے سیفٹی کو بڑھانے کے لئے رکھی ہے - جب بھی ضرورت

گورنمنٹ کی طرف سے ریکویسٹ آئی ہے اور برج کے لئے - ریلوے لائن پر پل بنانے کے لئے تو اس پل کا خرچہ یہ ہے وہ ریلوے برداشت کرنے کے لئے تیار ہے - آدھا اپنے فنڈ سے اور آدھا سیفٹی فنڈ سے لیکن اس نے دونوں طرف کی سڑکوں پر جو خرچہ ہوگا وہ سٹیٹ گورنمنٹ کو کرنا ہوگا اور اسکا آدھا روپیہ ریلوے دیتی ہے - اور آدھا سیفٹی فنڈ سے ملتا ہے - یہ جو سیفٹی فنڈ ہے - یہ اس کے لئے ہے آرڈر اپنے 50 لاکھ لیا ہے اسکو اتنا الاٹ ہوا ہے - تامل ناڈو کو 58.80 لاکھ - کیرل کو 15. لاکھ گجرات کو 79.8 لاکھ - آسام کو 24.50 لاکھ راجستھان کو 37.5 لاکھ - یہ وہ سٹیٹس ہیں جنہوں نے مانگ تو کی لیکن روپیہ کا استعمال نہیں کیا باقی کسی سٹیٹ نے روپیہ نہیں مانگا یہاں تک یہ حالت ہے -

ہم تو مائل بکرم ہیں کوئی سائل ہی نہیں - ہم دینے کو تیار ہیں لیکن مانگنے والا کوئی نہیں ہے -

SHRI VAYALAR RAVI: The hon. Minister said about the unmanned level crossings. I would like to know as to how they determine whether it should be a manned or an unmanned level crossing. My constituency is a crowded constituency. Five people died last month because it was an unmanned one. I have also made a representation.

